तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 फरवरी 2026

11 गंगरेल बांध प्रभावितों का सब्र टूटा, अनिश्चितकालीन धरना शुरू

12 संत गाडगे जयंती पर उमड़ा उत्साह




## खबर संक्षेप

### सेमरा सी में आज होलिका दहन, कल रंगोत्सव

**धमतरी।** सेमरा सी में आज होलिका दहन होगा। 25 को होली खेली जाएगी। इस बार यहां होली सादगीपूर्वक मनाई जाएगी। गांव में मुनादी कराकर दोपहर के बाद होली नहीं खेलने की अपील की गई है। हालांकि गांव में त्योहार की तैयारी पूरी कर ली गई है। भखारा क्षेत्र का ग्राम सेमरा सि त्योहारों को मनाने की अपनी अनोखी परंपरा के चलते विख्यात है। यहां पर हर बड़े त्योहार को एक सप्ताह पहले मनाया जाता है। इसमें होली का त्योहार भी शामिल है। अपनी इसी परपंरा के चलते इस साल भी गांव के प्रमुख देव सिरदार के आशीर्वाद से होली एक सप्ताह पहले मनाने की तैयारी चल रही है। गांव के वरिष्ठ नागरिक गजेंद्र सिन्हा ने बताया कि गांव में 24 फरवरी को होलिका दहन होगा। इसके दूसरे दिन 25 फरवरी को रंगोत्सव मनाया जाएगा। इस बार गांव में दैविक आयोजन के चलते त्योहार को सादगीपूर्वक मनाया जाएगा। 25 फरवरी को दोपहर तक ही होली खेली जाएगी।

### रेलवे स्टेशन चरमुड़िया में गुरु गद्दी स्थापना आज

**डांडेसरा(धमतरी)।** रेलवे स्टेशन चरमुड़िया में स्थित नवनिर्मित बाबा गुरू घासीदास के ज्ञान मंदिर में आज 24 फरवरी को सतनामी समाज और ग्रामवासियों द्वारा गुरू गद्दी आसन स्थापना समारोह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। विभिन्न पंथी दलों द्वारा पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर 3 बजे पूजा प्रारंभ होगी। आयोजक समिति के कुंवरदास रात्रे ने बताया कि गुरू घासीदास ने वर्ष 1853 में अपने द्वितीय पुत्र गुरू बालकदास को संपूर्ण छत्तीसगढ़ का राजा नियुक्त किया था। सम्मान स्वरूप अंग्रेजों ने उन्हें हाथी और तलवार भेंट की थी। इसी ऐतिहासिक और नेतृत्व भावना के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए रेलवे स्टेशन चरमुड़िया में 24 फरवरी को गुरू गद्दी स्थापना की जा रही है।

### लोकेश कौशल का सीआरपीएफ में चयन



**अंवरी।** ग्राम खपरी के लोकेश कौशल का चयन सीआरपीएफ में हुआ है। वे स्व. अनिरुद्ध के पुत्र हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद कठिन परिश्रम और लगन से उन्होंने यह सफलता प्राप्त की है। ग्राम खपरी के लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कहा कि मेहनत और समर्पण से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### राकेश भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष बनाए गए

**जीजामगांव।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष का दायित्व मुरा निवासी राकेश कुमार साहू को दिया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन मंत्री पवन साय, रायपुर संभाग प्रभारी अखिलेश सोनी, जिला संगठन प्रभारी किरण बघेल अध्यक्ष की सहमति एवं कोर ग्रुप के निर्णय के पश्चात जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस के मार्गदर्शन में राकेश को भाजपा युवा मोर्चा का उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। राकेश कुमार ने 2014 से 2023 तक भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष और 2023 से बूथ पालक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। इसके अलावा वे ग्राम मुरा से दो बार पंच रहे। वर्तमान में सरपंच के रूप में अपना दायित्व निभा रहे हैं। उनकी इस लंबी और समर्पित सेवा को देखते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन पर एक बार फिर भरोसा जताया है।



# भद्राकाल ने बढ़ाई होलिका दहन की उलझनें, सोशल मीडिया से बढ़ा भ्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


होलिका दहन की तिथि को लेकर इस वर्ष लोगों के बीच भ्रम और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कहीं 2 मार्च तो कहीं 3 मार्च को होलिका दहन की बात कही जा रही है। सोशल मीडिया पर अलग-अलग तिथियों के संदेश वायरल होने से यह भ्रम और गहरा गया है। ऐसे में शास्त्र सम्मत स्थिति को स्पष्ट करते हुए पं. कृष्णअतुल तिवारी महाराज ने वास्तविक तिथि और शुभ मुहूर्त की जानकारी दी है।

पं. ने बताया कि फाल्गुन पूर्णिमा तिथि का आरंभ 2 मार्च को शाम 5 बजकर 55 मिनट से हो रहा है, जो 3 मार्च को शाम 4 बजकर 40 मिनट तक रहेगी। शास्त्रों के अनुसार होलिका दहन पूर्णिमा तिथि में ही किया जाता है, लेकिन इस वर्ष पूर्णिमा के साथ भद्राकाल का संयोग बन रहा है। गणना के अनुसार भद्राकाल 2 मार्च शाम 5.55 बजे से शुरू होकर 3 मार्च सुबह 5.32 बजे तक रहेगा।

शास्त्रों में भद्राकाल को मांगलिक और धार्मिक कार्यों के लिए निषिद्ध माना गया है। इसी कारण 2 मार्च की रात होलिका दहन करना शास्त्रसम्मत नहीं है। श्री तिवारी ने स्पष्ट किया कि भद्रा समाप्ति के बाद ही होलिका दहन किया जाना चाहिए। ग्रहण शुद्धि के उपरांत 3 मार्च मंगलवार को संध्या 7.30 बजे से 8.30 बजे तक का समय होलिका दहन के लिए श्रेष्ठ और शुभ मुहूर्त है। उन्होंने लोगों से कहा कि किसी भी प्रकार के भ्रम में न पड़ें और परंपरा तथा शास्त्रों के अनुसार ही होलिका दहन करें। वहीं, जो महिलाएं सूखी होलिका का पूजन करती हैं, उनके लिए 4 मार्च बुधवार को प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक का समय शुभ बताया गया है।

## 3 मार्च को होलिका दहन व 4 मार्च को धुरेड़ी पर्व मनाना शास्त्र सम्मत : पं. कृष्णअतुल





### सूतक को लेकर स्थिति स्पष्ट

पं. ने सूतककाल को लेकर फैली शंकाओं को दूर करते हुए कहा कि सामान्य पूजा-पाठ में सूतक का नियम होता है, लेकिन होलिका दहन और होली पूजन में कोई दोष नहीं माना गया है। शास्त्रों में स्पष्ट रूप से सूतक काल में भी होलिका दहन का विधान बताया गया है।शास्त्रीय गणना के अनुसार इस वर्ष 3 मार्च को होलिका दहन और 4 मार्च को धुलेड़ी पर्व शास्त्र सम्मत है।

अब तक 2 हजार से ज्यादा किसान पंजीकृत, पिछले साल से आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद

# पंजीयन के लिए किसानों में मची होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सहकारी समितियों में धान के बाद चने की खरीदी की तैयारी चल रही है। विडंबना यह है कि अब तक धान का उठाव नहीं हुआ है, ऐसे में इन खरीदी केंद्रों में चना खरीदी समय पर शुरू होने में संदेह है। जिन 11 केंद्रों में चने की खरीदी होनी है, जिला प्रशासन द्वारा उन केंद्रों में प्राथमिकता के साथ धान का उठाव किया जा रहा है।

चना खरीदी में अब ज्यादा दिन बाकी नहीं है। चार दिन बाद खरीदी शुरू हो जाएगी। जिले के 11 खरीदी केंद्रों में खरीदी की तैयारी चल रही है। अच्छी बात यह है कि इस साल पिछले साल से कहीं ज्यादा चने की खरीदी होने की उम्मीद की जा रही है। उपसंचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि पिछले साल कुल 2212 किसानों ने चना बेचने के लिए पंजीयन कराया था। इस साल अब तक 2013 किसान पंजीयन करवा चुके हैं। वैसे अभी पंजीयन के लिए अंतिम तिथि की घोषणा नहीं की गई है। इसके बाद भी 28 फरवरी को डेडलाइन मानकर पंजीयन किया जा रहा है। पंजीयन की स्थिति को देखते हुए उम्मीद है कि इस साल पिछले साल से ज्यादा किसान चना बेचने के लिए पंजीयन कराएंगे। उन्होंने किसानों से अपील की है कि जल्द से जल्द खरीदी केंद्रों में जाकर चना और सरसों बेचने के लिए पंजीयन कराएं।

**केस 1**

लोहरसी चना खरीदी केंद्र में अब तक 552 किसानों ने पंजीयन कराया है। पिछले साल यहां 355 किसानों से चने की खरीदी की गई थी। इस साल तो अभी से पंजीयन ज्यादा हो गया है। अभी और किसानों का पंजीयन होना है।

**केस 2**

तरसींवा चना खरीदी केंद्र में अब तक 510 किसानों का पंजीयन हो चुका है। यहां पर पिछले साल 860 किसानों ने पंजीयन कराया था। पंजीयन की अंतिम तिथि अब तक निर्धारित नहीं की गई है। ऐसे में चना खरीदी शुरू होने के बाद भी पंजीयन जारी रहने की उम्मीद है।



### किसानों की रूचि बढ़ी

इस साल बड़ी संख्या में किसानों ने चने की फसल लगाई है, लेकिन मार्केट में चने की स्थिति काफी खराब है। जो चना मार्केट में कभी 5500-6000 रुपए तक बिक रहा था, अब घटकर 4200 रुपए में आ गया है। ऐसे में किसान समर्थन मूल्य पर चना बेचने में रूचि ले रहे हैं। समर्थन मूल्य पर किसानों को 5850 प्रति क्विंटल की दर से राशि मिलेगी। यही कारण है कि किसानों में पंजीयन के लिए होड़ लगी हुई है। खरीदी केंद्रों में सुबह से शाम तक किसान पंजीयन करवाने पहुंच रहे हैं।

### व्यवस्था सुधारने की मांग

किसानों ने इस साल चना खरीदी में व्यवस्था सुधारने की मांग की है। उन्होंने बताया कि पिछले साल चना का उठाव काफी विलंब से हुआ था, जिसके चलते उन्हें दो माह बाद चना का भुगतान मिला। यही नहीं एनसीएफ के प्रतिनिधि चना की जांच करते हैं। उनके द्वारा अवैध वसूली से कई किसान परेशान थे। इससे समितियों की छवि भी धूमिल हो रही थी। यही नहीं धान के 40 किलोग्राम वाले बारदानों में 50 किग्रा चने की खरीदी की गई, इन बारदानों में 50 किलोग्राम चना नहीं आ रहा था। किसानों ने इन व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की है।

# गंगरेल के ठेमली टापू में पुलिस की दबिश, हजार लीटर महुआ लहान जब्त



- टापू में खुली अवैध महुआ शराब की भट्ठी को किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में अवैध शराब निर्माण और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत धमतरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गंगरेल बांध के सामने स्थित ठेमली टापू के समीप जंगल क्षेत्र में अवैध रूप से महुआ शराब निर्माण की सूचना पर पुलिस ने संयुक्त दबिश देकर भारी मात्रा में सामग्री जब्त की और करीब 1000 लीटर महुआ लाहन मौके पर ही नष्ट किया।

एसपी के निर्देश पर थाना रूद्री और थाना केरेगांव की संयुक्त टीम गठित कर जंगल क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री बरामद की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने टापू से 200 लीटर क्षमता के नीले, काले प्लास्टिक ड्रम 5 नग, छोटे प्लास्टिक ड्रम 3 नग, जर्मन गंजी 6 नग, स्टील गंजी 5 नग, लोहे के चूल्हे 4 नग, धमेला 6 नग बरामद किए गए। इसके अलावा 5 बड़े ड्रम में लगभग 200-200 लीटर भरा महुआ लाहन (कुल 1000 लीटर) पाया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। समस्त सामग्री का पंचनामा तैयार कर जब्ती की गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर कोई व्यक्ति नहीं मिला।



पुलिस ने आसपास के गांवों में पूछताछ की, लेकिन ग्रामीणों ने इस गतिविधि की जानकारी से इंकार किया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है। संलिप्त व्यक्तियों की पतासाजी की जा रही है। आरोपियों की पहचान होते ही वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क हादसे में बाइक सवार महिला घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- रूद्री रोड में पेट्रोल पंप के पास हुई घटना

बाइक में पीछे बैठकर गंगरेल से लौट रही महिला सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मगरलोड निवासी उर्मिला सोनी पति चांद कुमार उम्र 48 वर्ष अपने रिश्तेदारों के साथ गंगरेल गई थी। शाम को बाइक में पीछे बैठकर वापस लौट रही थी। रूद्री रोड में पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी के साथ बाइक की टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक में पीछे बैठी महिला घायल हो गई। वहीं स्कूटी सवार लड़कियों को चोट नहीं लगी। घटना के बाद दोनों लड़कियां अपनी स्कूटी उठाकर मौके से चलती बनी। सूचना पर वरदान परमार्थ संस्था के शिवा प्रधान व प्रेम साहू तत्काल घटनास्थल पहुंचे और एम्बुलेंस के माध्यम से घायल महिला को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। उल्लेखनीय है कि अम्बेडकर चौक से रूद्री मार्ग में यातायात का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इस मार्ग में अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

## कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी कर्मचारी आंदोलन पर

- वेतन विसंगति अपूर्ण वेतन भुगतान तथा वैधानिक सेवा लाभ की बहाली की मांग

**धमतरी।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी अपनी वेतन विसंगति, अपूर्ण वेतन भुगतान तथा वैधानिक सेवा लाभ की बहाली को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए हैं। सोमवार को उनके अनिश्चितकालीन आंदोलन का पहला दिन था। कर्मचारियों ने बताया कि संघ ने 16 से 20 फरवरी तक घोषित पांच दिवसीय कामबंद हड़ताल की। इस दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन से स्पष्ट, लिखित एवं समयबद्ध समाधान की अपेक्षा की गई थी। किंतु किसी भी प्रकार का वैधानिक एवं न्यायोचित निर्णय नहीं लिया गया, जिससे आहत होकर संघ के बैनरतले सभी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए हैं। उन्होंने बताया कि हड़ताल अवधि के दौरान संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन से कई दौर की चर्चा की गई, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान करने पहल नहीं की गई है।

## कमारों ने मांगी जनमन आवास की किस्त

- आदिवासी परिवारों ने पीएम आवास की मांग

**धमतरी।** वनांचल ग्राम पीपरछेड़ी के कमारों ने जनमन आवास की किस्त तथा आदिवासी परिवारों ने पीएम आवास स्वीकृत करने की मांग कलेक्टर से की है। नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत कुर्रीडीह के आश्रित ग्राम पीपरछेड़ी के कमार मोहनी, तिहारबती, परमिला आदि ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 10 कमार परिवारों को आवास निर्माण की स्वीकृति मिली है। आवास कार्य पूर्ण किया जा चुका है जिसकी पहली एवं दूसरी किस्त 1 लाख रूपये प्राप्त हुई है। शेष राशि प्राप्त नहीं होने से कमारों को ईंट, गिट्टी, छड़, सीमेंट तथा मिस्त्री को भुगतान करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कमारों ने जनमन योजना अंतर्गत आवास की शेष राशि दिलाने की मांग कलेक्टर से की है।

**कच्चे मकानों में रहने विवश:** पीपरछेड़ी उपरपारा निवासी आदिवासी परिवार की महिला आसीन बाई, अंकलहीन, रूपाकुमारी, भूपेश्वरी आदि ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में कहा है कि अभी तक उन्हें आवास योजना की स्वीकृति नहीं मिली है। उनका परिवार कच्चे मकानों में निवासकर जीवनयापन कर रहे हैं। कहा है कि उनके नाम से आवास प्लस का सर्वे किया जा चुका है लेकिन अभी तक आदिवासी परिवारों को आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। उन्होंने आवास योजना की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई है।

## जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंचे ग्रामीण

# लोहरसी में भाजपा कार्यालय का विरोध

- ग्राम सभा में प्रस्ताव पास होने के बाद भी राजस्व निरीक्षक तथा पटवारी पर जबरदस्ती जमीन चिन्हांकन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत लोहरसी में प्रस्तावित भाजपा कार्यालय का ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्राम सभा में जमीन नहीं देने के प्रस्ताव पारित होने के बाद भी जनभावना के विरूद्ध दबावपूर्ण जमीन हथियाने का आरोप लगाया गया है।

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंचे जनपद सदस्य प्रकाश पवार, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मुकेश नेताम, ग्राम पटेल सरजूराम, पंच ओंकार सोनवानी ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि लोहरसी में खसरा नंबर 750/1 शासकीय जमीन के 6 एकड़ में स्टेडियम, 7 एकड़ में श्मशान, 5 एकड़ आवास एवं बाजार के लिए उपयोग में आ रहा है। इसके अलावा कुछ जमीन गांव के विकास के लिए रखी गई है, जिसमें से 3 एकड़ जमीन को राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी द्वारा चिन्हांकित कर राजनैतिक पार्टी भाजपा को कार्यालय के लिए दिया जा रहा है। आगे कहा है कि 26 अप्रैल 2025 का प्रस्ताव सर्वसम्मत नहीं है। 25 अगस्त 2025 को ग्राम सभा ने सर्वसम्मति से उक्त प्रस्ताव को निरस्त किया है। जुलाई 2025 की ग्राम सभा में भी भाजपा कार्यालय के विरूद्ध सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास किया गया है। इसके बाद भी राजस्व निरीक्षक तथा पटवारी द्वारा जमीन का चिन्हांकित करने का शासन विरूद्ध कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने अवैध निर्माण पर रोक लगाने तथा राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की शिकायत की है। इस अवसर पर ग्रामीण दीपक सोनकर, भीम सोनकर, जितेन्द्र सोनवानी, उमेश यादव, मुकेश विश्वकर्मा उपस्थित थे।



धमतरी जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| धमतरी शहर | 5 पद | योग्यता 12वीं से स्नातक |
| कुरूद | 3 पद | |
| मगरलोड | 2 पद | वेतन 12000/- |
| कोड़ेबोड़ | 2 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो धमतरी शहर, कुरूद, मगरलोड, कोड़ेबोड़ क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, डोर टू डोर लक्ष्य प्राप्त करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें
9098324969
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं - cir.haribhoomi@gmail.com
कार्य का समय - सुबह - 8 बजे से 1 बजे तक, शाम 4 बजे से 6 बजे तक
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय : बठेना हॉस्पिटल के सामने, धमतरी मो. 9826114710
कार्यालय धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

## खबर संक्षेप

### अभिभावकों को किया प्रशिक्षित



**कांकेर।** समावेशी शिक्षा के अंतर्गत शालाओं में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों के लिए निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार बीआरसी भवन में आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर्स दीपक सोनवानी एवं सरोज पाण्डेय ने अभिभावकों को समावेशी शिक्षा के महत्व, दिव्यांग बच्चों के अधिकार, संवेदनशीलता विकास, मार्गदर्शन, पाठ्यक्रम अनुकूलन, कक्षा रणनीतियाँ तथा सहायक उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी। प्रशिक्षण में कांकेर, चारामा व नरहरपुर विकासखण्डों के अभिभावक शामिल हुए।

### परीक्षार्थियों का पेन और गुलाल से किया सम्मान



**बासनवाही।** हाई स्कूल बासनवाही में 10 वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षार्थियों का विशेष स्वागत किया गया। शिक्षकगण ने विद्यार्थियों को पेन और गुलाल देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित किया और उन्हें परीक्षा में सफलता की शुभकामनाएं दी। विद्यार्थियों के उत्साह और मनोबल को बढ़ाने के लिए यह अनूठा स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जो उनके आत्मविश्वास को और भी मजबूत करेगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और परीक्षा में अच्छे परिणाम लाने का संकल्प लिया।

### चयन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र किया जारी

**कांकेर।** कार्यालय कलेक्टर आदिवासी विकास शाखा द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 वीं प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली चयन परीक्षा-2026 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। चयन परीक्षा का आयोजन आगामी रविवार 01 मार्च को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिले के विभिन्न विकासखंडों में परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं।

### सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए स्वीकृत कार्य निरस्त

**कांकेर।** अलबेलापारा कांकेर में डड़सेना कलार समाज भवन के पास सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद अंतर्गत स्वीकृति मिलने तथा प्रथम किश्त की राशि 02 लाख 46 हजार 500 रूपए प्रदाय किए जाने के फलस्वरूप वर्ष 2022-23 में छत्तीसगढ़ ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद से स्वीकृत कार्य को कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा निरस्त किया गया है। चूँकि उक्त कार्य के लिए पूर्व में स्वीकृति मिल चुकी है।

## निधन

### टीकूराम यादव



**जीजामगांव।** ग्राम कल्ले के प्रतिष्ठित टीकूराम यादव का निधन 20 फरवरी शुक्रवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के शांतिघाट में किया गया। उनके निधन पर श्रीमती भेजी बाई यादव, मालती यादव, राजेंद्र यादव, लोकेश यादव, प्रहलाद, नीलमणि, रोमन, किशोर, कैलाश, श्रवण, देवेंद्र, हरीश, प्रकाश सहित अनेक ग्रामीणों ने शोक प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

### मानव तस्करी व बाल संरक्षण पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# संवेदनशील एवं जवाबदेह पुलिसिंग को सुदृढ़ करने पर दिया विशेष बल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महिला एवं बाल विकास विभाग और धमतरी पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में मानव तस्करी, अनैतिक व्यापार तथा महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों की रोकथाम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आजीविका महाविद्यालय (लाइवलीहुड कॉलेज) धमतरी में किया गया।



कार्यशाला पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के मार्गदर्शन में हुई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मानव तस्करी एवं महिला-बाल अपराधों से जुड़े मामलों में पुलिस की भूमिका संवेदनशील, जवाबदेह और पीड़ित-केंद्रित होनी चाहिए। उन्होंने सभी प्रकरणों में सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार, विभागीय समन्वय और साइबर अपराधों के प्रति विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

कार्यक्रम में मानव तस्करी की रोकथाम, साइबर अपराध, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पाक्सो ), बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 तथा कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई।

डिप्टी कलेक्टर डॉ. कल्पना ध्रुव, डीएसपी मोनिका मरावी, जिला लोक अभियोजन अधिकारी अजय सिंह सहित महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों ने विधिक प्रावधानों और व्यावहारिक पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया।

कार्यशाला में जिले के विभिन्न थाना प्रभारियों, महिला सेल, साइबर शाखा एवं अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला एवं बाल संरक्षण से जुड़े मामलों में विधिक समझ को मजबूत करना, पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण विकसित करना और अंतर्विभागीय समन्वय को सुदृढ़ बनाना था।

# साय सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा

- दहदहा कांड की जांच को बताया महज ढोंग, 35 बच्चों ने काटे थे अपने हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद ब्लाक अंतर्गत दहदहा माध्यमिक शाला के 35 मासूमों द्वारा सामूहिक रूप से हाथ काटने की भयावह घटना अब पूरी तरह से राजनीतिक अखाड़े में तब्दील हो चुकी है। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने इस संवेदनशील मुद्दे को लपकते हुए जिला प्रशासन और प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने प्रशासन की जांच प्रक्रिया को दिखावा करार देते हुए तीखे हमले किए हैं।



श्रीमती चंद्राकर ने कड़े लहजे में कहा कि बच्चों का ब्लेड और कांटों से हाथ काटना किसी सामान्य घटना का संकेत नहीं, बल्कि प्रशासनिक फेल्योर का प्रमाण है। उन्होंने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ की साय सरकार युवाओं और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। कांग्रेस नेता ने सवाल दागा कि क्या स्कूलों तक नशा पहुंचाना ही सरकार की उपलब्धि है।

उन्होंने प्रशासन पर मामले को दबाने और अपनी विफलता छिपाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जांच में हो रही लेटलतीफी यह बताती है कि तंत्र दोषियों को बचाने में जुटा है। श्रीमती चंद्राकर ने चेताया कि यदि नशाखोरी और मोबाइल गेमिंग जैसे गंभीर कारणों पर पर्दा डाला गया, तो कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। इस बयानबाजी ने प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया है, जिससे क्षेत्र में सियासी उबाल आ गया है।

# संबलपुर और बिलासपुर की टीमें बनीं चैंपियन

- कुरूद में दिखा अन्तर्राज्यीय बैडमिंटन का रोमांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बैडमिंटन बॉयस क्लब कुरूद के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय अन्तर्राज्यीय बैडमिंटन प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस स्पर्धा में पड़ोसी राज्य ओडिशा और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से कुल 56 टीमों ने हिस्सा लेकर अपनी खेल कुशलता का प्रदर्शन किया।



प्रतियोगिता में ओडिशा के सम्बलपुर, कालाहांडी, बलांगीर, भवानीपटना और छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, रायगढ़ व खैरागढ़ जैसे क्षेत्र के खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। प्रतियोगिता की वेटरन्स श्रेणी में संबलपुर के मोहम्मद अकबर और सौरभ की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि धमतरी के रवि और मुकेश द्वितीय स्थान पर रहे। इसी तरह सीनियर श्रेणी में बिलासपुर के जय और शिशिर ने खिताबी जीत दर्ज की, वहीं जगदलपुर के राज एंड पार्टनर उपविजेता रहे।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि नपा कुरूद उपाध्यक्ष देवव्रत साहू थे। अध्यक्षता राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष हितेंद्र केला ने की। विशिष्ट अतिथि मनीष साहू सभापति नपा कुरूद थे। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर रविकांत चंद्राकर, हरीश केला, प्रसन्ना नायडू, राकेश जैन, रजत जैन, टिकेश साहू, भोजराज चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद थे, जिन्होंने खेल का भरपूर आनंद लिया। यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों के लिए एक मंच साबित हुआ, बल्कि खेल के प्रति स्थानीय उत्साह को भी नई ऊंचाई प्रदान की।

# सशक्तिकरण और अस्मिता का शंखनाद

- मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर सूत सारथी कल्याण बोर्ड की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर परिसर में सूत सारथी समाज द्वारा सुमंत जयंती एवं वार्षिक सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने भगवान सुमंत सारथी व सूतजी महाराज के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि प्रेस क्लब संरक्षक कृपाराम यादव, महासचिव धनसिंग सेन, रवि शर्मा, श्रवण साहू और दीपक साहू की उपस्थिति में समाज की संगठित शक्ति का प्रदर्शन किया गया।



जिलाध्यक्ष केशव बंछोर ने अपने स्वागत भाषण में समाज को ग्रामीण अर्थतंत्र की धुरी बताते हुए सूत सारथी कल्याण बोर्ड के गठन की पुरजोर मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर बताया कि प्रदेश की 5 लाख आबादी वाला यह समाज वैदिक काल से रथ और अश्व संचालन का ध्वजवाहक रहा है। आज आर्थिक तंगी के कारण इस गौरवशाली परंपरा से दूर हो रहा है। वक्ताओं ने समाज की इस सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने के लए शासकीय संरक्षण को अनिवार्य बताया।

सम्मेलन में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया। इस अवसर पर जिला सचिव मनीष सारथी, कोषाध्यक्ष रेखराम, सनातन नाग, दुखित, कृष्णा, भूपेंद्र, सोमनाथ, गोपाल, घनश्याम, सुरेश, विकास, रतन, रवि, ललित सारथी सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे।

## खम्हरिया स्कूल के बच्चों ने किया न्योता भोज




हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

ग्राम पंचायत खम्हरिया में भाजपा मंडल नगरी के प्रभारी रविशंकर दुबे ने अपने पोता रुद्रवेद के जन्मदिन पर माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला के छात्र-छात्राओं को न्योता भोज के रूप में हलवा, पूरी, केला दिया। इस अवसर पर रविशंकर दुबे, प्रधानपाठक पीआर साहू, जीआर प्रधान, एके कश्यप, आरएल मंडावी, बीएल साहू, के. साहू, गीता ध्रुव एवं समूह के संचालन कर्ता उपस्थित थे।

# युवाओं ने सीखे समय प्रबंधन के गुर

- नगरी में हुआ युवा संगम समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

युवाओं में व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन एवं लक्ष्य निर्धारण, हिंदुत्व की समग्र एवं सांस्कृतिक दृष्टि, राष्ट्र भाव जागरण एवं राष्ट्रीय चरित्र निर्माण पर युवा संगम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड संपर्क प्रमुख महेन्द्र नेताम ने बताया कि संघ शताब्दी वर्ष में सात कार्य नियत किये गये हैं। इनमें से एक कार्य युवा संगम है। युवाओं को युवा संगम में सामूहिकता में कार्य करने की कला विकसित करने हेतु समूह गत गतिविधियां व प्रायोगिक सत्र रखा गया। विभिन्न प्रकार के खेल, बौद्धिक एवं शारीरिक प्रतियोगिताएं हुईं। चर्चा परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी एवं मुक्त संवाद के माध्यम से गहन विचार मंथन हुआ। संगम में नगरी खंड से लगभग 60 युवाओं ने उपस्थिति दी।




समारोह में डॉ जीआर देवांगन खंड संघचालक, दीपक महाराज कर्णेश्वर संगम तट, ठाकुरराम प्रमुख राजिम विभाग, धनेश्वर निर्मलकर जिला कार्यवाह, मोतीलाल दिवाकर, दिनेश्वरी नेताम, जयप्रकाश साहू, बेदूराम साहू, रेखराम साहू, आरपी साहू, तुलसीराम साहू, परमेश्वर सोनबेर, संतोष निषाद, राजा पवार पार्षद, हेमंत पटेल, खिलेन्द्र साहू व एकल विद्यालय के आचार्यगण शामिल हुए।

# सांकरा में 16 लोगों से 32541 रुपये टैक्स वसूला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

ग्राम पंचायत सांकरा में टैक्स वसूली अभियान के तहत 23 फरवरी को 16 लोगों से 32541 रुपये की टैक्स वसूली की गई। बकायादारों को जल्द टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव मदन सेन, कंप्यूटर ऑपरेटर रुपेश मत्स्यपाल, पंचायत भृत्य रूपेशकुमार पटेल उपस्थित थे।

# भाजपा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी व मंडल अध्यक्षों की सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भारतीय जनता पार्टी जिला धमतरी द्वारा वर्ष 2026 हेतु भाजपा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की सूची जारी कर दी गई है। संगठन को सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस के अनुमोदन उपरांत यह सूची जारी की गई। जारी सूची के अनुसार जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर युगलाल मरकाम – धमतरी, सुभाष चंद्राकर – धमतरी, मोरध्वज सेन – बेलरगांव, राकेश साहू – मुड़ा, विशाल नागवंशी – रिद्दिसिद्धि, नगरी को दायित्व दिया गया है। महामंत्री पद पर ओमेश यादव – रत्नाबांधा, धमतरी एवं जितेंद्र सिन्हा – अर्जुनी, धमतरी को नियुक्त किया गया है।

मंत्री पद पर पंकज साहू – कंडेल, धमतरी, बोरिस पटेल – सोंदूर, नगरी, घनश्याम साहू – भखारा, मगरलोड, मनीष कश्यप – कोसमर्रा, हिमांशु साहू – आमगांव एवं आयुष दीवान – धमतरी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कोषाध्यक्ष पद पर चिराग आथा – धमतरी तथा सह कोषाध्यक्ष पद पर मनप्रीत सिंह हंसरा – धमतरी को नियुक्त किया गया है।

कन्या शक्ति संयोजिका के रूप में पूजा यादव – धमतरी तथा सह कन्या शक्ति संयोजिका के रूप में कल्पना शर्मा – रत्नाबांधा, धमतरी को दायित्व दिया गया है। मीडिया प्रभारी पद पर भूपेन्द्र साहू – सिरसिदा, धमतरी एवं सह मीडिया प्रभारी पद पर दिग्विजय सिंह ध्रुव – रत्नाबांधा, धमतरी को नियुक्त किया गया है। सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में धरमराज सिन्हा – बेलर तथा सह सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में धरमवीर साहू – धमतरी एवं ओम ध्रुव – धमतरी को जिम्मेदारी दी गई है।

कार्यसमिति सदस्यों में हर्ष अग्रवाल, गुरुदत्त निषाद – अछोटी, हिवेश साहू, डोमन साहू , रोशन मंडावी – कुरुद, रविकांत साहू , रवि चंद्राकर – कुरुद, चेतनानंद साहू – कोंगेरा, तोरण साहू – नवागांव, कुंदनी, प्रितराम सेन – सांकरा, विकल्प साहू – मुजगहन, योगेश देवांगन , अतिष देवांगन – नगरी, यशवंत साहू – नगरी, नेत्रु निषाद – अमेठी, कैलाश साहू – मेचका, तिलक साहू – मगरलोड एवं हेमंत नाग को शामिल किया गया है।

इसी प्रकार मंडल अध्यक्षों में धमतरी शहर मंडल से रायच साहू – धमतरी, आमदी मंडल से देवेश साहू – मुजगहन, रावा मंडल से लोकेश (बिजू) चंद्राकर – गोपालपुरी, भोथली मंडल से गिरीश साहू – कंडेल, गंगरेल मंडल से हुमन यादव – सोरम, कुरुद मंडल से केशव चंद्राकर – कुरुद, भखारा मंडल से अभिषेक साहू – टिपानी, सिर्री मंडल से गोकर्ण निर्मलकर – अछोटी, मेघा मंडल से छविलाल साहू – भेंडरी, नगरी मंडल से विकास सेनी – नगरी, मगरलोड मंडल से चम्पाल साहू – मगरलोड, बेलरगांव मंडल से लिलेश प्रजापति – बेलरगांव तथा कुकरेल मंडल से वनपाल साहू – बांसपारा, कुकरेल को दायित्व सौंपा गया है।

जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई है। उक्त जानकारी उमेश साहू द्वारा दी गई।

# भाजपाइयों ने सुनी मन की बात





**अंवरी।** ग्राम जोराताराई (अं) में भाजपाइयों ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात सुनी।

### नपं नगरी की त्वरित पहल से 60 वर्षीय हितग्राही को व्हीलचेयर, 13 अन्य को मिली छड़ी

# जरूरतमंदों को मिली जिंदगी की नई राह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर पंचायत ने वार्ड क्रमांक 6 निवासी 60 वर्षीय इंदु बाई निषाद को व्हीलचेयर उपलब्ध कराकर उनकी दैनिक जीवन की बड़ी समस्या का समाधान किया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदु बाई निषाद कुछ दिन पूर्व अपने घर की सीढ़ियों से गिर गए थे, जिससे उन्हें चलने-फिरने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। उम्र अधिक होने के कारण वे स्वयं से शौचालय तक जाने में भी असमर्थ हो रहे थे। अपनी पीड़ा को उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा के समक्ष रखा तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर आवेदन प्रस्तुत किया।

नगर पंचायत प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मात्र दो दिन के भीतर ही धमतरी समाज कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित कर हितग्राही को व्हीलचेयर उपलब्ध कराई। इस त्वरित कार्रवाई से न केवल एक बुजुर्ग को सहारा मिला, बल्कि प्रशासन की कार्यशैली पर भी विश्वास और मजबूत हुआ। हितग्राहियों ने जनपद प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है। नगर पंचायत द्वारा क्षेत्र के 13 अन्य जरूरतमंद नागरिकों को उनकी आवश्यकता अनुसार छड़ी भी प्रदान की गई, ताकि वे अपनी दैनिक दिनचर्या सुगमता से पूर्ण कर सकें।

श्री निषाद ने नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, सभापति अश्वनी निषाद, विनिता कोठारी, शंकर देव, चेलेश्वरी साहू, राजा पवार, जयंती तुकेश्वरी साहू, मिक्की गुप्ता, अंबिका ध्रुव, नरेश पटेल, देवचरण ध्रुव, समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक डॉ. मनीषा पांडे, सहायक कौशल कुमार साहू एवं तोषकुमार जायसवाल सहित जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# नए परीक्षा केंद्र कोसमर्रा में छात्रों का तिलक लगाकर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा को माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा नया परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षार्थियों को पहले हायर सेकेंडरी भखारा में परीक्षा दिलानी पड़ती थी। अधिकतम दूरी एवं व्यस्त मार्ग को दृष्टिगत रखते हुए हायर सेकेंडरी कोसमर्रा को परीक्षा केंद्र बनाया गया। यहां प्रथम दिवस विद्यार्थियों का फूल एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। स्वयं के विद्यालय में बोर्ड परीक्षा आयोजित होने से विद्यार्थी उत्साहित नजर आए।

## खबर संक्षेप

### 10 लीटर कच्ची शराब जब्त, युवक पकड़ाया

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने अवैध महुआ शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बरदेभाठा क्षेत्र में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना कांकेर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला था कि बरदेभाठा में एक व्यक्ति हाथ भट्ठी से बनी देशी महुआ शराब बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है। जानकारी की तस्दीक पर पुलिस टीम 23 फरवरी को मौके पर पहुंची। मौके पर आरोपी बरदेभाठा निवासी 27 वर्षीय अक्षय कुमार मंडावी उर्फ को पकड़ा गया। उसके कब्जे से एक प्लास्टिक जरीकैन में लगभग 10 लीटर हाथ भट्ठी से बनी महुआ शराब तथा 100 रुपएं नगद बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### प्रतिबंधित नशीली टेबलेट एवं सिरप की बिक्री मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर।** उजियारा अभियान के तहत थाना सिटी कोतवाली कांकेर पुलिस ने अपराध क्रमांक 357/25 धारा 21, 22, 29 एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार आरोपी निमेश मेहरा पिता विनोद मेहरा उम्र 31 वर्ष, निवासी टिकरापारा को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। कांकेर शहर में नशे के खिलाफ चल रहे उजियारा अभियान के सूखा नशा, प्रतिबंधित नशीली टेबलेट और सिरप की अवैध बिक्री में शामिल लोगों पर लगातार कार्यवाही कर रही है, उसी के तहत एक मामले में फरार आरोपी की जानकारी कांकेर पुलिस को 23 फरवरी को मिली। पुलिस को पता चला कि नए बस स्टैंड के पास फरार आरोपी मौजूद है। जानकारी मिलते ही उपनिरीक्षक मनोरथ जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई और बस स्टैंड क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा नशीली दवाइयों की खरीद-फरोख्त में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन जप्त किया गया। साक्ष्यों के आधार पर आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद विधिवत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। आरोपी पर कांकेर शहर में लाभ अर्जित करने की नियत से नशीली टेबलेट एवं सिरप की बिक्री में शामिल होने का आरोप है।

### हाईकोर्ट के आदेश की अनदेखी, 5 साल बाद भी नहीं मिला न्याय

# गंगरेल बांध प्रभावितों का सब्र टूटा अनिश्चितकालीन धरना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



गंगरेल बांध प्रभावित परिवारों की वर्षों पुरानी पीड़ा एक बार फिर सड़क पर दिखाई देने लगी है। हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी मांगें पूरी नहीं होने से आक्रोशित प्रभावितों ने अब अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन का रास्ता अपनाया है। गंगरेल बांध प्रभावित जनकल्याण समिति ने 14 फरवरी को आयोजित सामान्य बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया था कि गांधी मैदान में अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा।

बैठक में समिति पदाधिकारी और बड़ी संख्या में डूब प्रभावित ग्रामीण शामिल हुए। चर्चा में स्पष्ट किया कि जब तक प्रभावित परिवारों की न्यायोचित मांगों का समाधान नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रभावितों ने कहा कि वर्षों से लंबित न्याय को अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

समिति के कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर मरकाम ने बताया कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने 16 दिसंबर 2020 को रिट याचिका में स्पष्ट निर्देश दिया था कि वर्ष 2004 से 2010 के बीच भूमि प्राप्त प्रभावितों के समान अन्य पात्र डूब प्रभावितों को भी भूमि आवंटित की जाए। न्यायालय ने तीन माह के भीतर कार्रवाई के आदेश दिए थे, लेकिन लगभग पांच साल बाद भी प्रशासन, राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश का पालन नहीं किया।

उन्होंने कहा कि भूमि और स्थायी पुनर्वास के अभाव में प्रभावित परिवारों की आजीविका असुरक्षित है। बच्चों की शिक्षा बाधित हो रही है और ग्रामीण जीवन पूरी तरह अस्थिर हो गया है। यह स्थिति न्यायालय की अवमानना और गंभीर प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाती है।

समिति ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। धरने के पहले दिन महाराजी राम ध्रुव, आत्माराम ध्रुव, कृपाराम सिन्हा, सहदेव साहू, पंडोराम मंडावी, रोहित नेताम सहित बड़ी संख्या में डूब प्रभावित शामिल हुए।

# मेन रोड किनारे पेड़ों की कटाई को लोगों ने बताया चिंता जनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



नगरी विकासखंड में मुख्य मार्ग तथा आसपास के गांवों के किनारे पेड़ों की कटाई को लेकर स्थानीय नागरिकों ने चिंता व्यक्त की है। हाल ही में मुख्य मार्ग नगरी धमतरी रोड पर हरे भरे पेड़ की कटाई की गई है। वन परिक्षेत्र नगरी अंतर्गत मुख्य मार्ग से लेकर गांव गांव तक पेड़ों को कटाई हो रही है। वहीं रोड पर मशीन के माध्यम से लोगों द्वारा कटाई किया जा रहा है। कई जगहों पर जेसीबी की माध्यम से पेड़ को जड़ों से उखाड़ कर फेंक दे रहे हैं। देखने से स्पष्ट रूप से विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही दिखाई दे रहा है।

रोड पर जाने वाले लोगों का कहना है कि हाल के दिनों में सड़क किनारे कई पेड़ों के ठूंठ दिखाई दे रहे हैं। कुछ स्थानों पर फलदार एवं इमारती वृक्षों की कटाई होने की भी चर्चा है।

ग्रामीणों के अनुसार, पूर्व में विभाग द्वारा सड़क किनारे पौधारोपण कराया गया था। अब जब वे पौधे बड़े हो चुके हैं, तो उनकी सुरक्षा और संरक्षण को लेकर प्रश्न उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि बिना उचित निगरानी के कटाई जारी रही तो पर्यावरण संतुलन, हरियाली और राहगीरों को मिलने वाली छाया पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

नागरिकों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि यदि कहीं नियमों का उल्लंघन हुआ हो, तो नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही जहां पेड़ों की कटाई हुई है, वहां प्रतिपूरक वृक्षारोपण कराया जाए ताकि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में संतुलन बना रहे। ग्रामीणों ने यह भी उल्लेख किया कि वर्षा ऋतु के दौरान "एक पेड़ मां के नाम" जैसे अभियान के माध्यम से प्रत्येक गांव और व्यक्ति को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया था। ऐसे में नागरिकों की अपेक्षा है कि लगाए गए पौधों और विकसित वृक्षों की सुरक्षा पर भी समान रूप से ध्यान दिया जाए।

#### संबंधितों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

इस संबंध में जिला पंचायत के वन विभाग के स्थानीय पदाधिकारी अजय ध्रुव ने कहा कि वे मामले की जानकारी लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराएंगे तथा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे। वहीं विभागीय सूत्रों के अनुसार, संबंधित क्षेत्र की जानकारी संज्ञान में लेकर नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

# महिलाओं को सशक्त बनाने का संकल्प



- चर्रा के क्लस्टर संगठन में स्वसहायता समूह के लिए जागरूकता कार्यक्रम हुआ

**कुरूद।** ग्राम पंचायत चर्रा स्थित क्लस्टर संगठन में स्वसहायता समूह की दीदियों के लिए एक विशेष जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर के निर्देशन में विकसित भारत संकल्प के तहत रोजगार गारंटी योजना एवं ग्रामीण आजीविका मिशन का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत में क्लस्टर अध्यक्ष ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि महिलाएं आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने जोर दिया कि जब गांव आत्मनिर्भर बनेंगे, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा।

मिशन के तहत महिलाओं को 125 दिनों के रोजगार की गारंटी और बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण सुविधा प्रदान की जा रही है, ताकि वे स्वरोजगार शुरू कर सकें। संगठन की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से उन्हें सरकारी योजनाओं और कौशल विकास प्रशिक्षणों की सटीक जानकारी मिलती है। पहले प्रक्रिया की समझ न होने के कारण वे लाभ से वंचित थीं, लेकिन अब मार्गदर्शन मिलने से उनमें नया आत्मविश्वास जगा है। महिलाओं ने आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने का संकल्प लिया।

# शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में स्रोत एवं संकुल समन्वयकों की भूमिका महत्वपूर्ण

- बीआरसी प्रशिक्षण हॉल में हुआ विदाई सहसम्मान समारोह कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक एवं संकुल समन्वयकों के सम्मान में बीआरसी प्रशिक्षण हॉल नगरी में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं समन्वयकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केएल कौशिक, एचएल नाग एवं बीएम साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नगरी श्रीमती महेश्वरी ध्रुव ने की।

विशिष्ट अतिथि नरेश कुमार ध्रुव, लोमसप्रसाद साहू, रविशंकर साहू, उमेश सोम, यशवंत कुमार साहू, सोनेन्द्र कुमार ध्रुव, सावेन्द्र साण्डे, कमलेश सार्वा, प्रकाशचन्द्र साहू विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक नगरी एवं जसपाल सिंह खनूजा जिलाध्यक्ष समन्वयक संघ थे।

मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में प्रशासनिक एवं शैक्षिक अनुभव साझा करते हुए समन्वयकों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में स्त्रोत एवं संकुल समन्वयकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिनके समर्पण और नेतृत्व से विकासखण्ड में शैक्षिक गुणवत्ता को नई दिशा मिली है। इस अवसर पर लोचन साहू, सुरेंद्र लोन्हारे, कामेश्वर साहू एवं अतुल ध्रुव ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन द्रोण कंचन व आभार प्रदर्शन संजय रेड्डी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में ललित शर्मा, प्रफुल्ल सिंहसार, दिनेश ताम्रकार, मोहित साहू सहित संकुल समन्वयकों का विशेष सहयोग रहा।

# तहसील साहू समाज नगरी द्वारा किसान-व्यापारी संगोष्ठी सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

तहसील साहू समाज नगरी द्वारा आयोजित तहसील स्तरीय किसान/व्यापारी संगोष्ठी समारोह का आयोजन साहू सदन, नगरी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों एवं व्यापारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण सार्वा ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसानों को वर्षों पुराने पारंपरिक खेती के तरीकों में परिवर्तन लाकर आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग कर ही खेती को लाभकारी और टिकाऊ बनाया जा सकता है।

विशेष अतिथि आधुनिक कृषि विशेषज्ञ एवं सलाहकार किसान कांकेर के रवि अवस्थी ने आधुनिक खेती को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि उन्नत तकनीक, वैज्ञानिक पद्धति एवं उचित मार्गदर्शन से बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील साहू समाज नगरी के अध्यक्ष कंवल राम साहू ने की। इस अवसर पर आधुनिक कृषक नगरी मिथलेश साहू सहित समस्त परिक्षेत्रीय अध्यक्षगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में अध्यक्ष जन्मेजय साहू, उपाध्यक्ष हरीश साहू, सचिव भूषण कुमार साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ फरसिया के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, सांकरा के झाड़ूराम साहू, बिरगुड़ी के नीरज कुमार साहू, परसापानी के जितेन्द्र साहू, घटुला के प्रभुराम साहू, नगरी के मनोज कुमार साहू, बेलरगांव के भूपेंद्र साहू, मावलीपारा के राधेलाल साहू, हेमलता साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। जिसमें संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य किसानों एवं व्यापारियों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाना रहा।

# ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कराते में अंजलि का चयन



- अंतर महाविद्यालयीन प्रतियोगिता में कुरूद कालेज की छात्रा ने किया था उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

खेल के मैदान से अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कुरूद के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अंचल का नाम रोशन किया है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में शासकीय कन्या महाविद्यालय धमतरी में आयोजित अंतर-महाविद्यालयीन कराते प्रतियोगिता में संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्याल कुरूद के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीता।

बीपीएड द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा अंजलि फूटान ने 61 किलोग्राम वर्ग में अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। उनके साथ ही शुभम कुमार ने 67 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक और सुमन फूटान ने 50 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। शानदार प्रदर्शन के आधार पर अंजलि का चयन ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कराटे प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वह 1 मार्च से 4 मार्च तक असम में आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके.मिश्रा, क्रीड़ा अधिकारी अमित टंडन, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी जानकी साहू सहित प्राध्यापकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

# रामनगर एवं महात्मा गांधी में विकास कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 3 रामनगर एवं वार्ड क्रमांक 4 महात्मा गांधी वार्ड में पार्षद निधि अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद नरेश पटेल द्वारा अपनी पार्षद निधि से महात्मा गांधी चौक में मिनी उद्यान निर्माण हेतु 3 लाख की लागत से कार्य प्रस्तावित किया गया था। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात भूमिपूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया।

वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद मिकी गुप्ता द्वारा रामनगर चौक स्थित राम मंदिर के समीप चबूतरा निर्माण एवं टिन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। लगभग 2 लाख की अनुमानित लागत से बनने वाले इस निर्माण कार्य से क्षेत्रवासियों को सुविधा प्राप्त होगी

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व अध्यक्ष नगेन्द्र शुक्ला, नंदकुमार यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता कमल डागा, मोहन नाहटा, पार्षद अश्वनी निषाद, शंकरदेव, मिकी गुप्ता, देवचरण ध्रुव, नरेश पटेल हेमलता यादव, हरीश यादव, लक्ष्मी गुप्ता, गौरव तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर हरीश यादव राजमिस्त्री नगरी द्वारा राम मंदिर में लक्ष्मण एवं सीताजी की प्रतिमा की स्थापना अपने भाई स्वर्गीय जागेश्वर यादव की पुण्यतिथि पर कराने का संकल्प लिया गया। वार्ड में धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण सुदृढ़ करने राम दरबार निर्माण का निर्णय भी किया गया। वार्डवासियों ने विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और क्षेत्र के समग्र विकास हेतु निरंतर प्रयास जारी रखने का संकल्प दोहराया।

### घनश्याम साहू बने युवा मोर्चा जिला मंत्री

**मगरलोड।** भाजपा संगठन ने घनश्याम साहू भरदा को युवा मोर्चा मंत्री जिला धमतरी का दायित्व सौंपा है। घनश्याम साहू को युवा मोर्चा का मंत्री बनाये जाने से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर छा गई है। घनश्याम साहू ने युवा मोर्चा जिला मंत्री नियुक्त होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह, संगठन महामंत्री पवन साय, विधायक अजय चंद्राकर, पूर्व विधायक रंजना साहू पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व जिला अध्यक्ष शशिपवार,राहुल टिकरिहा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व महामंत्री कविन्द्र जैन, पूर्व मंत्री राजेन्द्र गोलछा, जिला उपाध्यक्ष विजय यदु, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा भवानी यादव, प्रदेश आमंत्रित सदस्य किसान मोर्चा नरेश सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुसूचित जनजाति मोर्चा हिरामन धुव्र के प्रति आभार प्रकट किया है।



### समाजसेवी ने फरसियां स्कूल में दिया न्योता भोज

**नगरी।** बच्चों के बीच अपनेपन की भावना का विकास, सभी समुदाय के बच्चों में समानता की भावना विकसित करने को लेकर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय फरसियां में समाजसेवी महेंद्र नेताम द्वारा न्योता भोज परोसा गया। इस अवसर पर महेन्द्र नेताम ने कहा कि न्योता भोज के माध्यम से सभी समुदाय के बच्चों में अपनापन व समानता की भावना विकसित करना है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003


Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

अत्यंत दुख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति
श्री साधुराम देवांगन
का स्वर्गवास 21 फरवरी 2026 शनिवार को हो गया है। जिसका तिजनाहवन कार्यक्रम 23 फरवरी 2026 को परम्परानुसार संपन्न किया गया। सादर अनुरोध है कि
दशगात्र एवं संपूर्ण कार्यक्रम
दिनांक : 2 मार्च 2026 सोमवार को रखा गया है।
अतः आप सपरिवार पधार कर ब्रम्हलीन आत्मा के शांति श्रद्धांजलि के लिए सादर आमंत्रित हैं।

तालाब कार्यक्रम दोपहर 12 बजे तक
स्थान : ग्राम अछोटा ( धमतरी )



स्व. श्री साधुराम देवांगन

शोकाकुल परिवार -
रामजी, विजय, अवध, घनश्याम, रामाधार, गिरधारी, लखन, द्वारका, देवेन्द्र, गजेन्द्र, मनोज, ललित, दीपक, रिंकु एवं समस्त हड़ाहू परिवार।

- विनीत -
श्रीमती मोहनी देवांगन (पत्नी)
श्री लखन लाल देवांगन, श्री रेवाराम देवांगन (पुत्र)
अखिलेश देवांगन, त्रिलोक देवांगन, डेमन देवांगन (नाती)
ग्राम - अछोटा (धमतरी)

टीप : जिस किसी सज्जन को निमंत्रण न मिला हो इसे ही स्वीकार कर पधारने का कष्ट करें

## खबर संक्षेप

### हल्की बारिश, गरज चमक के साथ वज्रपात की संभावना

**धमतरी**। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात तथा उत्तर पश्चिम विक्षोभ का प्रभाव धमतरी जिले में भी पड़ रहा है। सोमवार को दिनभर बादल छाये रहे। दोपहर को बूंदाबांदी के साथ ठंडी हवाएं चली। मंगलवार को अति हल्की वर्षा तथा प्रदेश के एक दो स्थानों में गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण बंगाल की खाड़ी के मध्य भाग में बना निम्नदाब का क्षेत्र दक्षिण बंगाल की खाड़ी के मध्य भाग में स्थित है। इससे संबंधित चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 5.8 किमी उपर तक फैला हुआ है। अगले 24 घंटे में यह उत्तर-पूर्व दिशा में आगे बढ़ते रहने और धीरे-धीरे कमजोर होने की संभावना है। एक द्रोणिका गंगटीय पश्चिम बंगाल से लेकर उत्तरी तटीय आंध्रप्रदेश तक उड़ीसा होते हुए समुद्रतल से 0.9 किमी उपर बनी हुई है। इसके प्रभाव से मंगलवार को प्रदेश के एक दो स्थानों पर अति हल्की से हल्की बारिश तथा गरज- चमक के साथ वज्रपात हो सकता है। आगामी तीन दिनों में अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट , उसके बाद 2 से 3 डिग्री तापमान में वृद्धि हो सकती है। अगले सात दिनों तक न्यूनतम तापमान में कोई परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### जीजामगांव कालेज में छात्रों को दी राष्ट्रीय शिक्षा नीति की जानकारी

**जीजामगांव**। स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में अध्ययनरत बीए, बीकाम, बीएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों को एनईपी 2020 की जानकारी दी गई। एनईपी प्रभारी पृथ्वीराज साहू ने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी पाठ्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्रों के बीच साझा किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ चोवाराम यदु ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में समावेशी शिक्षा पर जोर दिया गया है।

## जयंती पर निर्मलकर समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

# संत गाडगे जयंती पर उमड़ा उत्साह







हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

संत शिरोमणि संत गाडगे बाबा की जयंती पर सोमवार को शहर में निर्मलकर समाज ने भव्य शोभायात्रा निकाली। रैली का शुभारंभ बिलाई माता मंदिर से हुआ, जहां संत गाडगे बाबा की प्रतिमा पर विधिवत पूजा-अर्चना और महाआरती कर समाजजनों ने कार्यक्रम की शुरुआत की।

शोभायात्रा बिलाई मातामंदिर से निकलकर रामबाग गणेश चौक, सदर बाजार, इतवारी बाजार, कचहरी चौक, रामसागर गार्डन, बनियापारा शिव चौक, रिसाईपारा और आमातालाब होते हुए समाज भवन पहुंची। पूरे मार्ग में संत गाडगे बाबा अमर रहें और स्वच्छता ही सेवा है जैसे नारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। समाजजनों ने पारंपरिक वेशभूषा में रैली में सहभागिता निभाई।

समाज भवन में संत गाडगे बाबा की पूजा-अर्चना के पश्चात मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने संत गाडगे बाबा के जीवन प्रसंग, समाज सुधार के लिए किए गए कार्यों और उनके आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संत गाडगे बाबा ने अपने संपूर्ण जीवन को स्वच्छता, शिक्षा, नशामुक्ति और सामाजिक समानता के लिए समर्पित कर दिया। उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना उनके समय में था। कार्यक्रम में समाजजनों से आह्वान किया गया कि वे संत गाडगे बाबा के विचारों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज को नई दिशा देने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

मौके पर समाज के मंगलू निर्मलकर, गजानंद रजक, प्रहलाद रजक, छमन रजक, चित्रलेखा निर्मलकर, शिवनारायण छाटा, भूषण छाटा, कमलेश निर्मलकर, विनय ध्रुव सिंह, राजकुमार सागर, भागवत ध्रुव, राकेश निर्मलकर, महेश सिद्धू सहित सैकड़ों समाजजन उपस्थित रहे।

### सच्ची भक्ति मंदिरों में नहीं, बल्कि समाज सेवा में

अतिथियों ने कहा कि संत गाडगे बाबा का मानना था कि सच्ची भक्ति मंदिरों में नहीं, बल्कि समाज सेवा में है। वे जहां भी जाते, सबसे पहले वहां की सफाई करते और लोगों को स्वच्छता का महत्व समझाते। उन्होंने अपने जीवन में कभी धन-संपत्ति का संग्रह नहीं किया। शिक्षा में जो भी प्राप्त होता, उसे वे स्कूल, छात्रावास, धर्मशाला और गरीबों की सहायता में लगा देते थे। शिक्षा को वे समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम मानते थे। अनेक विद्यालयों और छात्रावासों की स्थापना में सहयोग किया।

### बाबा का संदेश आज भी प्रासंगिक

शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, जहां संत गाडगे महाराज के चित्र के साथ भजन-कीर्तन और प्रेरक नारों के माध्यम से स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। पूरे नगर में भक्तिमय और अनुशासित वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर नगर निगम सभापति कौशल्या देवांगन, एमआईसी सदस्य श्यामलाल नेताम, अखिलेश सोनकर, विभा चंद्राकर तथा पार्षदगण हेमंत बंजारे, ईश्वर सोनकर, चंद्रभागा साहू, संतोष कोमल सार्वा, कुलेश सोनी, संजय देवांगन सहित जनप्रतिनिधियों ने शोभायात्रा का आत्मीय स्वागत किया। सभापति कौशल्या देवांगन ने कहा कि संत गाडगे महाराज का स्वच्छ और समरस समाज का संदेश आज भी प्रासंगिक है।

### छोटे-छोटे प्रयास से आयेगा समाज में बड़ा बदलाव

संत गाडगे बाबा नशाखोरी, अंधविश्वास और छुआछूत के कट्टर विरोधी थे। वे कहते थे कि जब तक समाज से ये कुरीतियां समाप्त नहीं होंगी, तब तक सच्चा विकास संभव नहीं है। उनका सरल जीवन, स्पष्ट विचार और निःस्वार्थ सेवा भाव आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। संत गाडगे बाबा का जीवन हमें सिखाता है कि छोटे-छोटे प्रयासों से भी समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

# भाजपाइयों ने कांग्रेस नेता राहुल का पुतला फूंका



- गांधी मैदान में धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भाजपा किसान मोर्चा एवं भाजपा युवा मोर्चा ने कांग्रेस की देशविरोधी मानसिकता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। गांधी मैदान में राहुल गांधी का पुतला दहन किया।

भाजपाइयों ने कहा कि देश की राजधानी के भारत मंडपम में भारत को गौरवान्वित करने वाले अंतर्राष्ट्रीय एआई समिट में विश्व के अनेक देशों से आए राष्ट्र प्रमुखों एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों के समक्ष भारत की छवि धूमिल करने के घृणित उद्देश्य से कांग्रेस द्वारा अर्धनग्न प्रदर्शन किया गया। यह उनकी देशविरोधी, विकास विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। यह मंच किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि पूरे भारत की तकनीकी शक्ति और प्रगति को प्रदर्शित करने का है। राजनीति के लिए संसद और रैलियों जैसे कई अन्य स्थान उपलब्ध हैं, किंतु विदेशी प्रतिनिधियों और इंटरनेशनल मीडिया की उपस्थिति में विरोध का ऐसा स्वरूप देश की छवि को धूमिल करता है। धरना प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व जिलाध्यक्ष शशि पवार, पूर्व महापौर श्रीमती अर्चना चौबे, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहिताश मिश्रा, युवामोर्चा जिलाध्यक्ष शुभांक मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष विनय जैन, विजय साहू, अविनाश दुबे, कैलाश सोनकर, जितेश सिन्हा महामंत्री भाजयुमो, सुरेन्द्र चंद्राकर, तेजराम साहू, जागेंद्र साहू, ईश्वर सोनकर, व्यासनारायण साहू, संजय साहू, वीरेंद्र साहू, अखिलेश सोनकर, कुलेश सोनी, हेमंत बंजारे, खिलेश कुंभकार, संतोष सोनकर, संजय देवांगन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मकई तालाब को संवारने प्रशासन ने कसी कमर



**धमतरी**। शहर के हृदय स्थल घड़ी चौक के समीप स्थित ऐतिहासिक मकई तालाब के कायाकल्प की दिशा में प्रशासन ने ठोस कदम बढ़ाया है। पं. हनुमान प्रसाद शोभाराम मिश्रा सरोवर के सौंदर्यीकरण और सुव्यवस्थित विकास को लेकर सोमवार को प्रशासनिक अमले ने मौके पर पहुंचकर गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि तालाब के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने बनी चार दुकानें आवागमन में बड़ी बाधा बन रही हैं। इन्हें हटाने की दिशा में अब प्रशासन और नगर निगम स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गई है। तालाब के गेट को चौड़ा कर आकर्षक स्वरूप देने के लिए यह कदम आवश्यक बताया जा रहा है।

बताया गया कि मकई तालाब को शहर के प्रमुख दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित करने के लिए नगर निगम और प्रशासन लंबे समय से प्रयासरत हैं। हाल ही में महापौर रामू रोहरा एवं कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा किए गए निरीक्षण के बाद अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए थे, जिनका असर अब जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है।

सोमवार को निगम आयुक्त, एसडीएम सहित राजस्व व नगर निगम के अधिकारियों ने तालाब परिसर का सर्वे किया। अधिकारियों ने दुकानों की स्थिति, रास्तों की चौड़ाई और आसपास के अतिक्रमणों का बारीकी से आकलन किया। जानकारी के अनुसार आर्य समाज के आधिपत्य वाली चार दुकानों को हटाने के विषय में संबंधित पक्ष से चर्चा की जाएगी।

इसके साथ ही सिहावा चौक की ओर बस्ती क्षेत्र में, बाकरा नाला सब्जी मंडी के पीछे से गुजरने वाले मार्ग को भी सुगम बनाने की योजना है, ताकि आमजन के लिए तालाब तक पहुंच आसान हो सके। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि एक सप्ताह के भीतर नापजोख पूरी कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

# हटकेशर वार्ड में विरोध का स्वर गूंजने लगा

- नालंदा परिसर को लेकर महिलाएं, पार्षद भी उतरीं मैदान में
- सामुदायिक भवन प्रांगण में निर्माण पर आपत्ति, अन्य स्थान चयन की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



हटकेशर वार्ड में प्रस्तावित नालंदा परिसर को लेकर एक बार फिर विरोध तेज हो गया है। इस बार विरोध की अगुवाई शीतलापारा और सुभाष नगर वार्ड की महिला पार्षदों ने की है। वार्डवासियों के साथ सोमवार को वे एसडीएम कार्यालय पहुंचीं और ज्ञापन सौंपकर नालंदा ग्रंथालय के लिए अन्य उपयुक्त स्थान चयन करने की मांग की।

आवेदन में कहा कि धमतरी को नालंदा ग्रंथालय का सुसज्जित भवन मिलना शहर के लिए गौरव की बात है और हटकेशर वार्ड में इसका निर्माण होना भी सम्मानजनक है। लेकिन वर्तमान में जिस स्थान पर नवनिर्मित सामुदायिक भवन का प्रांगण है, वहां किसी अन्य भवन या ग्रंथालय का निर्माण अनुचित होगा। यह परिसर पहले ही वार्डवासियों की जरूरतों के लिए आरक्षित है।

आवेदनकर्ताओं ने बताया कि नगर निगम के प्रयास से बना यह सामुदायिक भवन और उसका खुला प्रांगण अब शादी-विवाह, जन्मोत्सव, बच्चों के खेल, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक कार्यक्रमों और मंडई जैसे आयोजनों का प्रमुख केंद्र बन चुका है। इससे तीनों वार्ड हटकेशर, सुभाष नगर और शीतलापारा के नागरिक लाभान्वित हो रहे हैं।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हटकेशर क्षेत्र में पहले जो भविष्य का मैदान और चारागाह था, वह अब शासन द्वारा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में परिवर्तित हो चुका है। वर्तमान में सामुदायिक भवन प्रांगण के अलावा आसपास कोई अन्य खुला स्थान उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यदि यहां भी निर्माण कर दिया गया तो वार्डवासियों को सार्वजनिक आयोजनों के लिए गंभीर समस्या का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन परिसर को यथावत रखा जाए और नालंदा ग्रंथालय के लिए शहर में कोई अन्य उपयुक्त स्थल चयनित किया जाए। आवेदन देने वालों में सुभाष नगर वार्ड की पार्षद पूर्णिमा देवांगन, शीतलापारा वार्ड की पार्षद उमा ध्रुव सहित कैलाश यादव, नारायण देवांगन, सालिकराम साहू, यादराम ध्रुव, सुखदेव साहू समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# हरिभूमि इम्पैक्ट : भखारा के खेतों में सजे 'मिनी कैसीनो' पर पुलिस का शिकंजा, 5 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद




ग्रामीण इलाकों के खेतों में चल रहे अवैध जुए के कारोबार पर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिला है। समाचार के माध्यम से उजागर हुए इस मिनी कैसीनो के जाल पर संज्ञान लेते हुए धमतरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है। पुलिस ने ग्राम सिहाद के पास घेराबंदी कर 5 जुआरियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने होमेश मारकंडे (सिवनीकला, कुरूद), यतीश बघेल (डांडेसरा कुरूद), कौशल नारंग (सलौनी रायपुर), चंदू बंजारे (छछानपैरी रायपुर), यादराम साहू (बगतरा, अभनपुर) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से और जुए के फड़ से कुल 26,000 रुपये नगद तथा 52 पत्ती ताश जब्त की है। थाना भखारा में आरोपियों के विरुद्ध छग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध क्रमांक 17/2026 पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की है।

### खबर का हुआ असर

बता दें कि बीते दिनों हरिभूमि ने भखारा के दुर्गम खेतों में जुआरियों की गुप्त महफिल शीर्षक से खुलासा किया था कि कैसे कोसमर्रा, सिहाद और रामपुर जैसे इलाकों के सुनसान खेतों को जुआरियों ने अपना सुरक्षित अड्डा बना लिया है। खबर में इस बात का भी उल्लेख था कि यहां न केवल स्थानीय बल्कि दूसरे जिलों से भी लोग दांव लगाने पहुंच रहे हैं और 10 प्रतिशत ब्याज पर तत्काल फाइनेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

### पुलिस की छापेमारी और गिरफ्तारी

खबर के प्रकाशन के बाद हरकत में आई भखारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिहाद स्थित रेस्ट हाउस के पास दबिश दी। पुलिस को देखते ही मौके पर भगदड़ मच गई, जिसका फायदा उठाकर कुछ आरोपी फरार हो गए। हालांकि पुलिस टीम ने घेराबंदी कर 5 आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ने में सफलता हासिल की।

# आदिवासी ध्रुव गोंड समाज का हुआ वार्षिक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री




ग्राम सिरसिदा में 21 फरवरी दिन शनिवार को आयोजित आदिवासी ध्रुव गोंड समाज परिक्षेत्र कुरूद का एकदिवसीय वार्षिक सम्मेलन आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि जीवराखन लाल मरई अध्यक्ष मां अंगार मोती ट्रस्ट गंगरेल एवं सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी उपस्थित हुए। विशेष अतिथि के रूप में माधव सिंह ठाकुर अध्यक्ष गोंड समाज जिला धमतरी भी शामिल हुए। इस अवसर पर सभी अतिथियों का आदिवासी समाज ने उनका पारंपरिक तरीके से आदिवासी नर्तक दल ने नृत्य और गाजे, बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिक्षेत्र अध्यक्ष लाकेश्वर नेताम ने की।

विशिष्ट अतिथियों में ललित ठाकुर, भूपेंद्र नेताम, संतोष सोरी, हरिश्चंद्र मंडावी, कुलंजन मरई, चमेली नेताम, फलेंद्र छेदैया, सुखीत राम छेदैया, लीला बाई खेलन देवदास, झागेश्वर ध्रुव, ओमप्रकाश पटेल, श्यामलाल नेताम, मनोज मरकाम, बोधन छेदैया, परदेसी मरकाम, चमेली नेताम, कमल सोरी, राजकुमारी छेदैया, लीलाबाई देवदास, ओमप्रकाश पटेल, उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि जीवराखन लाल मरई ने कुरूद में आयोजित कोया पुनेम गोंडी गाथा कार्यक्रम में सहयोग देने वाले सभी नागरिक बंधुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो देकर सम्मानित कर कहा मैं समाज की ओर से समाज के बेरोजगार युवक ,युवतियों से अपील करता हूं, कि विभिन्न काम एवं निजी जॉब के लिए निशुल्क प्रशिक्षण ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि शासन के विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण दिलाने में सहायता करेंगे।

विशिष्ट अतिथि के आसंदी से माधव सिंह ठाकुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा अपने बच्चों को शिक्षा ही नहीं उच्च शिक्षा दिलाएं। रोटी बेटी के जंजाल से समाज को उबरना चाहिए। साथ ही दूसरों को प्रेरित करें। अच्छाई को ग्रहण करें समाज में भाईचारा बनाकर चले, जाति और समाज दोनों में अंतर समझने की जरूरत है। सभा को बारी-बारी बसंत ध्रुव, ललित ठाकुर, तेजराम छेदैया, संतोष सोरी, भूपेंद्र नेताम, चमेली नेताम, सुखित राम छेदैया ने संबोधित किया। पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर बसंत ध्रुव को मोमेंटो साल देकर सम्मानित किया। मंच संचालक द्वारा पोखराज नेताम, राधे लाल मंडावी ने की। ग्राम के तालाब के पास स्थित सामाजिक भवन से सामाजिक महिलाओं, बच्चों, युवतियों के द्वारा कलश यात्रा निकालकर गाजा बाजा के साथ ग्राम की गलियों का भ्रमण करते हुए सभा स्थल पहुंचे। भ्रमण के दौरान जगह-जगह स्वागत सत्कार किया गया। इस अवसर पर मनबोधी छेदैया, कमलेश मंडावी, राजू ध्रुव, जागेश्वर कोइतुर, धीरसिंग ओटी, जन्मेजय ध्रुव, घनश्याम कुंजाम, नरेश्वरी छेदैया, शिवदयाल नेताम, बालमुकुंद नेताम, भरोसा पडोटी, खेलन ध्रुव, सनी ओटी, निखिल ध्रुव, किरण छेदैया, शांति कोहकट्टा, द्रौपदी मंडावी, खिलेश्वरी कुंजाम, अमितेश छेदैया, डामिन नेताम, शीला मरकाम, मालती मरकाम, प्रेमलता सोरी, गणेशिया मंडावी, भुवनेश्वरी, कोर्राम, सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष, युवक, युवतियां, बच्चे उपस्थित थे।

# डेली यूजेस प्रोडक्ट एंड बेस्ट ऑफ वेस्ट इनोवेंटिव आइडियास एवं व्यंजन स्पर्धा हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक के मार्गदर्शन में डॉ. डीआर टण्डन सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र के निर्देशन में समाजशास्त्र विभाग द्वारा डेली यूजेस प्रोडक्ट एंड बेस्ट ऑफ वेस्ट इनोवेंटिव आइडियस एवं व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक प्रो. खेदूराम भारती सहायक प्राध्यापक हिन्दी, प्रो. अमर सिंह साहू सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, प्रो. जयश्री पंचागम सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान थे। डेली यूसेस प्रोडक्ट एंड बेस्ट ऑफ वेस्ट इनोवेंटिव आइडियस प्रतियोगिता में प्रथम चुनंदा व लीना एमए चतुर्थ सेमेस्टर रही। द्वितीय हेमा, उषा व पूजा एमए चतुर्थ सेमेस्टर एवं तृतीय लक्ष्मी बंजारे, ज्ञानेश्वरी, प्रियंका व पूजा साहू एमए द्वितीय सेमेस्टर रही। व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम मोहिनी साहू एमए चतुर्थ सेमेस्टर, द्वितीय नेहा दुबे एमए द्वितीय सेमेस्टर, तृतीय पार्वती नेताम चतुर्थ सेमेस्टर रही। कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. निधि सिंह अतिथि व्याख्याता, गौरीशंकर बघेल जनभागीदारी सहायक प्राध्यापक एवं सुश्री अवनी यादव जनभागीदारी सहायक प्राध्यापक उपस्थित रही।







# मंडी में धान की जोरदार आवक

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कृषि उपज मंडी श्यामतराई में इन दिनों धान की आवक लगातार बढ़ रही है। अपनी जरूरतों और बाजार की अनुकूल स्थिति को ध्यान में रखते हुए किसान रोजाना बड़ी संख्या में मंडी पहुंच रहे हैं। धान की जोरदार एंट्री के साथ-साथ इसके दाम में भी मजबूती देखने को मिल रही है, जिससे किसानों का उत्साह चरम पर है। सोमवार को मंडी में धान के भाव ने किसानों को खासा संतोष दिया। आईआर-64 धान को 1950 रुपये प्रति क्विंटल का भाव मिला, जबकि गोल्डन सांभा किस्म 2250 रुपये प्रति क्विंटल तक बिका। इसके अलावा अन्य किस्म के धान को भी उनकी गुणवत्ता के अनुसार अच्छा दाम प्राप्त हुआ। मंडी से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में प्रतिदिन सैकड़ों क्विंटल धान की आवक बनी हुई है, जिससे मंडी परिसर में रौनक साफ नजर आ रही है। ऊंचे रेट मिलने से किसान बेहद प्रसन्न हैं। किसानों का कहना है कि इस बार बाजार ने उनकी मेहनत का सही मूल्य दिया है। बेहतर दाम मिलने से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है, बल्कि आगामी फसल की तैयारी को लेकर भी उनमें नया जोश देखने को मिल रहा है। कई किसानों ने बताया कि मंडी में पारदर्शी नीलामी और प्रतिस्पर्धी खरीदी के कारण भाव में तेजी आई है। धान की आवक बढ़ने का सकारात्मक असर मंडी में कार्यरत हमाल और रेजा मजदूरों पर भी पड़ा है। रोजाना अधिक मात्रा में धान आने से उन्हें नियमित रोजगार मिल रहा है, जिससे वे भी संतुष्ट नजर आ रहे हैं। मजदूरों का कहना है कि मंडी में काम बढ़ने से उनकी रोजी-रोटी सुरक्षित हुई है। धान की बढ़ती आवक और मजबूत दाम ने किसानों के साथ-साथ मजदूरों और व्यापारियों सभी के चेहरों पर मुस्कान ला दी है। आने वाले दिनों में आवक और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है, जिससे बाजार और भी गर्म रहने की उम्मीद है।

